आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.11.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम कल भोपाल में होगा, मुख्यमंत्री ने कहा, गो आहार अनुदान दोगुना किया जाएगा।
- मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज राज्य भर में कार्यक्रमों का आयोजन
- राज्य जन अभियान परिषद प्रदेश की सभी तहसीलों में एक आदर्श गांव विकसित करेगी।
- भारत ने तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के पहली पारी के 235 रन के स्कोर के जवाब में आज पहले दिन 4 विकेट पर 86 रन बनाए।

गोवर्धन–पूजा

दीपावली का पर्व कल धूमधाम के साथ मनाया गया। दीपावली पर्व की श्रृंखला में गोवर्धन–पूजा का सिलसिला चल रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल 2 नवम्बर को भोपाल में होगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिलों में एक कार्यक्रम जिले की प्रमुख गौ–शाला में भी होगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में आज एक कार्यकम्र में कहा कि सरकार ने प्रत्येक गाँव में गौ–शाला प्रारंभ करने का अभियान शुरू किया है। गो आहार के लिए निर्धारित अनुदान प्रति गौमाता 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गौमाता किया जाएगा। प्रदेश में नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और विधानसभाओं में गौशालाएं बनाई जाएंगी। गोवर्धन पर्व के सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व पर केन्द्रित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गौ–संस्कृति, परिवेश के प्रदर्शन और स्वास्थ्य आधारित लाभों पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। प्रदर्शनी मुख्य रूप से पंचगव्य उत्पाद, गौ–शिल्प उत्पाद, कृषि आधारित उत्पाद और दैनिक उपयोग के उत्पाद के आर्थिक महत्व को प्रदर्शित किया जायेगा। वहीं दीपावली के दूसरे दिन आज अगर मालवा जिले में भी किसनों ने अपने–अपने पशुधन को पूजन की ।

मुख्यमंत्री खेल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार कर युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने आज उज्जैन में राजमाता विजयाराजे सिंधिया बहुउद्देश्यीय खेल परिसर को लोकार्पण करते हुए कहा कि राज्य में खेलों को काफी बढ़ावा दिया गया है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाओं में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉक्टर यादव ने कहा कि शिक्षा नीति के तहत खेलों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने में प्रदेश अग्रणी रहा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है।

स्थापना दिवस

मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। आज अमृत मध्यप्रदेश के अंतर्गत समवेत नृत्य–नाटिका प्रस्तुत की जा रही है। यह प्रस्तुति प्रदेश की सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विशिष्टताओं पर आधारित है। सांस्कृतिक संध्या के साथ ही जन अभियान परिषद द्वारा प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता, सजावट और रंगोली से संबंधित गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। ऐतिहासिक स्मारकों और महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ–सफाई एवं बाजारों में सौन्दर्यीकरण किया गया है। सीहोर में इस मौके पर आयोजित समारोह में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मैहर जिले में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान करने का संकल्प भी दिलाया। बैतूल में स्थापना दिवस पर आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह द्वारा

विभिन्न उत्पादों पर केंद्रित स्टॉल लगाया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्टॉल का अवलोकन किया और उत्पाद खरीदे। मध्यप्रदेश के विकास यात्रा पर केंद्रित डॉक्युमेंट्री का भी अवलोकन किया गया। खण्डवा में पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, मंत्री विजय शाह की मौजूदगी में स्थापना दिवस समारोह हुआ। इस मौके पर छात्राओं ने राजस्थानी एवं गणगौर लोक नृत्य पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नगर निगम खंडवा ने महापौर अमृता यादव के नेतृत्व में 'स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली' के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया। नर्मदापुरम में कल कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

जैविक गांव

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद प्रदेश के सभी तहसीलों में एक गांव को चिन्हित कर उसे आदर्श ग्राम बनाने जा रहा है। तहसील स्तर पर गांव चयन से लेकर गतिविधियों के आयोजन की तैयारी चल रही है। शहडोल जिले के प्रत्येक तहसील में एक ऐसा गांव होगा जहां लोग नशे से दूर होंगे। समतामूलक, समावेशी और समरस समाज होगा। लोग जैविक खेती करेंगे और सोशल मीडिया के अतिवाद से युवाओं को बचाने के लिए पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने बताया कि सोहागपुर तहसील में पिपरिया व सारंगपुर गांव, बुढ़ार तहसील में सकरा व पड़रिया गांव में से एक गांव, गोहपारू तहसील में मोहतरा गांव, जयसिंहनगर तहसील में टिहकी गाँव और ब्यौहारी तहसील में कुम्हिया गांव का चयन किया गया है। चयनित गांवों में तय आयामों में से किसी एक या एक से अधिक गतिविधियों का आयोजन होगा।

युवा पुरस्कार

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने युवाओं का आह्वान किया है कि वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022–23 के लिए आवेदन करें। ये पुरस्कार 15 से 29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों और संगठनों को विकास और समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य और योगदान के लिए दिए जाते हैं। इन क्षेत्रो में स्वास्थ्य, मानवाधिकार प्रोत्साहन, सक्रिय नागरिकता और समुदाय सेवा शामिल है। पुरस्कार के रूप में व्यक्ति को पदक, प्रमाण–पत्र और एक लाख रूपये नकद तथा संगठन के मामले में तीन लाख रूपये नकद दिए जाते है। 2022–23 के राष्ट्रीय युवा पुरस्कारों के लिए आवेदन गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल के जरिए आमंत्रित किए गए हैं। आज से इस महीने की 15 तारीख तक आवेदन किया जा सकता है।

जलवायु–युवा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतेरस ने जलवायु परिवर्तन की रोकथाम और शहरों का भविष्य सुरक्षित रखने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने वैश्विक सतत विकास को गति देने के लिए युवाओं को सशक्त बनाने का आह्वान किया। कल विश्व शहर दिवस पर अपने संदेश में श्री गुतेरस ने कहा कि विश्व की आधी से अधिक आबादी और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के 70 प्रतिशत के साथ शहरों के सामने जलवायु परिवर्तन का जोखिम सबसे अधिक है। इससे बचने के लिए युवा शक्ति को आगे आना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने सभी देशों से, युवाओं की आवाज सशक्त करने, उनके विचारों का लाभ उठाने और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया।

क्रिकेट भारत

मुंबई में न्यूजीलैंड के साथ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के आज पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 235 रन बनाकर आउट हो गई। भारत के लिए रविन्द्र जडेजा ने सबसे अधिक पांच जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। आकाशदीप ने एक खिलाड़ी को आउट किया। तीन मैच की श्रृंखला में न्यूजीलैंड 2–0 से आगे है।

समाचार संक्षेप में .....

- निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित उप चुनाव कार्यक्रम के अनुसार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में नाम वापसी के बाद ग्यारह प्रत्याशी शेष रहे है, जिन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं।
- सीहोर जिले की इछावर तहसील के गाँव देवपुरा में कल लगने वाले बारहखम्बा मेले में जनजातीय वर्ग के लोग अपने ईष्ट देव की शिला का दूध से अभिषेक और पूजा अर्चना कर अपने पशुधन की स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना करेंगे।
- शहडोल जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाकर मॉडल के रुप में विकसित किया जाएगा। यहां अत्याधुनिक पुस्तकालय के साथ साइंस टेक्नोलॉजी एंड मैथ्य लैब बनाई जाएगी।
- जबलपुर में आज तड़के एक अज्ञात वाहन और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

............